हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 29 जुलाई 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]


तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री



14 रुद्रेश्वर महादेव के जलाभिषेक में विधायक...



14 बरदेभाटा में चाकू मारकर युवक की हत्या...


2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482

81030 45003

Website : ssscn.ac.in


## समस्या : क्षतिग्रस्त पुल से भारी व हल्के वाहनों से गंभीर दुर्घटना और जानमाल का खतरा

# बाढ़ से चारामा-हाराडुला पुल भसका, आवागमन पर प्रतिबंध, दर्जनों गांव के लोगों की मुसीबत बढ़ी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हाराडुला पुल के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलते ही गाँव में हडकंप मच गया और इस पुल से आने जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। बाढ़ के कारण पुल नीचे झुक गया है, यहाँ तक उस स्थल पर पुल भसक गया है, जिसके चलते ऐसी परिस्थितियाएं बनी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब इस क्षेत्र के लोगों को घूमकर जाना पड़ेगा। लोक निर्माण सेतु विभाग की रिपोर्ट पर कलेक्टर ने पुल से आने जाने पर प्रतिबंध करने का निर्देश जारी किया है।

विकासखंड चारामा के हाराडुल पुल के झुकने की जानकारी मिलने पर सेतु विभाग सक्रिय हो गया और उसकी जाँच करने के उपरांत एक रिपोर्ट तैयार किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने तत्काल अस्थायी आवागमन रोकने व्यवस्था किया था। कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी हो जाने के बाद स्थायी रूप से आवागमन को रोकने का प्रबंध मंगलवार 29 जनवरी को किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के अचानक झुक जाने से पहले गांव वालों को समझ में नहीं आया और इसकी जानकारी जब विभाग प्रमुख को दिया गया और उन्होने जब देखा, तब ग्रामीणों को बताया कि यह पुल अब चलने योग्य नही रहा। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि उक्त क्षतिग्रस्त पुल से भारी व हल्के वाहनों के आवागमन जारी रहने से गंभीर दुर्घटना और जानमाल का नुकसान हो सकता है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ने यातायात एवं जानमाल की सुरक्षा की दृष्टि से आगामी आदेश पर्यन्त उक्त पुल पर आवागमन पूर्णतः बंद किया है।

### खास बातें

- कलेक्टर ने पुल पर आवागमन पर प्रतिबंध का जारी किया आदेश
- सेतु विभाग ने ग्रामीणों को पुल के क्षतिग्रस्त के बारे में दी जानकारी
- सेतु के दोनों ओर को किया गया ब्लाक



### 2007 में बना था हाराडुला पुल

18 साल पहले भाजपा के कार्यकाल में 2007 में हाराडुला पुल बनाया गया था, इस पुल की लंबाई 428.18 मीटर है। इस पुल की माँग लंबे समय से किया जा रहा था और भाजपा सरकार के तत्कालीन मुखिया डॉ. रमन सिंह ने स्वीकृत किया था। इस पुल के बनने से एक दर्जन गांव के लोगों को आने जाने में सहुलियत हुई थी।



बाढ़ के कारण अचानक पुल के झुकने से दिक्कत आ गई है। विभाग प्रमुख इस समस्या के निराकरण को लेकर उच्च अधिकारियों से मागर्दशन की माँग किया है।

### 8वां बॉक्स यूनिट का एप्रॉन क्षतिग्रस्त

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण सेतु संभाग कांकेर ने इस संबंध में बताया कि चारामा -हाराडुला मार्ग 24/6 किलोमीटर महानदी पर विद्यमान पुल में बाढ़ के कारण 428.18 मीटर लम्बे जलमग्नीय बॉक्स टाईप पुल का 08 वें नम्बर बॉक्स यूनिट का एप्रॉन क्षतिग्रस्त होने के कारण बॉटम स्लैब एवं टॉप स्लैब सिंक हो गया है। उन्होंने बताया कि पुल के 8 वें यूनिट के क्षतिग्रस्त हो जाने से अन्य यूनिट भी प्रभावित व कमजोर हो गए हैं, जिसकी वजह से पुल आवागमन योग्य नहीं रह गया है।

### युवा देखने के लिए पहुँच रहे

सेतु विभाग के द्वारा अस्थायी रूप से पुल के दोनो तरफ बंद कर दिया गया है, इसके बावजूद गांव व आसपास के युवा अस्थायी बंद के बाजू से घुसकर पुल के अंदर जाकर झुके हुए पुल को देख रहे है। पुल पर उपस्थित कर्मचारियों के द्वारा मना किए जाने के बाद भी युवा मानने को तैयार नहीं है। सेतु विभाग के उपस्थित कर्मचारी लगातार गांव के युवकों को पुल पर नहीं जाने की समझाईश दे रहे है। सेतु विभाग के अमले का कहना है कि पुल पर जाना अभी बड़ा खतरा हो सकता है।

### आवागमन पर लगाया गया प्रतिबंध

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने पुल पर आवागमन प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि उक्त पुल के 8 वें यूनिट के क्षतिग्रस्त हो जाने से अन्य यूनिट भी प्रभावित व कमजोर हो गए हैं, जिसके कारण पुल आवागमन योग्य नहीं रह गया है।

### खबर संक्षेप

## ग्रामीण बैंक रिटायरीज की बैठक में हुई चर्चा



**कांकेर।** छग राज्य ग्रामीण बैंक रीटायरिज की बैठक में छग राज्य ग्रामीण बैंक रिटायरिज कांकेर ईकाई अलखराम की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में अपना पेंशन खाता लेकर आए और जिनका एसआई नही था, उनका भरा गया। सभी अपने पेंशन एरियर्स की जानकारी एवं कंप्यूटर एरियर की एवं 16 ए सहपत्र सहित जानकारी लेकर आए थे, जिस पर चर्चा और परीक्षण कर मार्गदर्शन दिया गया। बैठक में संघ के एआर साहू, वीरेंद्र साहू, सनातन नाग, डॉ. लक्ष्मीनारायण खोब्रागढ़े व अन्य उपस्थित रहें।

## दरगहन सतसंग भवन के पास सड़क हादसे पर आरोपी के खिलाफ दर्ज मामला



**कांकेर।** दरगहन के सतसंग भवन के पास हुई सड़क दुर्घटना में दूसरे पक्ष ने भी सड़क दुर्घटना का शिकायत दर्ज कराया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे कोटतरा निवासी 57 वर्षीय बलिहार सिंह साहू पिता पदुम लाल साहू ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई को बेटा योगेश कुमार साहू अपनी इवन कार क्रमांक सीजी 19 बीई 2151 से ग्राम कोटतरा से चारामा घरेलू काम से गया था। उसी दिन कुछ देर बाद सुबह साढ़े 10 बजें फोन से जानकारी मिला कि योगेश कुमार का दरगहन राधा स्वामी सतसंग भवन के पहले मोड़ पर एक्सीडेंट हो गया है, जिसे इलाज के लिए चारामा अस्पताल भर्ती कराया गया है। बेटे के एक्सीडेंट कि खबर सुनकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा पहुंचा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेरे बेटे का इलाज चल रहा था। मेरे बेटे के बाएं जांघ की हड्डी टूटी हुई थी। अस्पताल में उपस्थित लोगों ने बताया कि वाहन क्रमांक एमएच 34 सीजी 8982 के चालक द्वार ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सावन के तीसरे सोमवार को कांवड़ियों का शिवालयों में जलाभिषेक के लिए लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर/बासनवाही

- श्रद्धालुओं ने दूध, दही, अक्षत, बेल पत्र किया अर्पित और चंदन से लगाया त्रिपुंड



सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओ की भीड़ सुबह से शिव मंदिरों में देखने को मिली। तीसरे सोमवार को कांवड़िया नदियों से जल लेकर कांवड़ यात्रा में शामिल होकर शिवालय पहुँचे और जलाभिषेक किया।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम दसपुर में सावन माह के तीसरे सोमवार को हर्षोल्लास के साथ कांवर यात्रा निकाल कर शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं के द्वारा जल अभिषेक किया गया। ग्राम के गुडरापारा शिव मंदिर से पूजा अर्चना कर बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। सर्व प्रथम सभी श्रद्धालु महानदी से भगवान शिव का पूजा अर्चना कर जल लेकर यादवपारा, शिव मंदिर, शीतलापारा, तरियापारा, गुडरापारा और सांई मंदिर में जलाभिषेक कर आरती में शामिल हुए। इस अवसर पर सरपंच सूर्या नेताम, मंशा राम नेताम, बिसाहु राम नेताम, श्याम कौशल, डॉ.तोरण, आरपी साहू, देवलाल साहू, मौसम साहू, महेश साहू ,भूपेंद्र निषाद, छबी निषाद, अजय मटियारा, सतीश साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।



### जय मां शारदा मंदिर समिति ने निकाली कांवड़ यात्रा

**भानुप्रतापपुर।** जय मां शारदा मंदिर समिति के तत्वावधान में श्रावण मास के पावन अवसर पर भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में शिवभक्तों ने देवधारा से पवित्र जल भरकर पूरे भानुप्रतापपुर नगर में भक्ति भाव से भ्रमण किया। शिवभक्तों की टोली जयकारों के साथ आगे बढ़ी और अंततः शारदा मंदिर वार्ड क्रमांक 2 पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया गया। इस दौरान भक्तों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही, जिसमें युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रहें। मंदिर समिति ने संपूर्ण आयोजन की समुचित व्यवस्था की, जिसमें सुरक्षा, जलपान और सेवा कार्यों का भी समावेश रहा।



### दुधावा बांध से जल लेकर पहुंचे मुसुरपुट्टा के शिव मंदिर

**बासनवाही।** मुसुरपुट्टा से 500 श्रद्धालु कांवड़ लेकर कांवड़ यात्रा में निकले और दुधावा बांध से जल लेकर शिव मंदिर मुसुरपुट्टा में जलाभिषेक किया। सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम मुसुरपुट्टा के 500 शिव भक्तो जिसमें महिला, पुरुष, युवक, युवतियों एवं बच्चों ने अपने ग्राम से रंग बिरंगे परिधानों में सजे हुए ▶▶| शेष पेज 12 पर

# पाड़ेगा व सांवेर की आंगनबाड़ियां जर्जर, पढ़ाई प्राशा भवन में जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंतर्गत बांदे सेक्टर के ग्राम पंचायत पाड़ेगा और सावेर के आंगनबाड़ी भवनों की जर्जर हालत ने बच्चों और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी हैं। दोनों केंद्रों में लगभग 30-35 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं, लेकिन भवनों की दयनीय स्थिति के कारण उन्हें फिलहाल वैकल्पिक तौर पर प्राथमिक शाला भवन में पढ़ाया जा रहा है।

पाड़ेगा और सावेर आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं ने बताया कि हाल ही में राजस्थान में घटित एक घटना ने उनके मन में डर का माहौल पैदा कर दिया है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर वे कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, जब हम देखते हैं कि भवन की छत से प्लास्टर गिर रहा है या दीवारें दरक रही हैं, तो बच्चों को वहां बैठाना बहुत मुश्किल होता है। खासकर राजस्थान में स्कूल के छत गिरने से 7 छात्रों की मौत एवं 18 छात्र घायल होने की घटना के बाद हम बच्चों की जान को लेकर कोई भी जोखिम उठाने को तैयार नहीं हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं और जब तक नए और सुरक्षित भवनों का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक बच्चों को जर्जर भवनों में पढ़ाना संभव नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास और शिक्षा ▶▶| शेष पेज 12 पर



- कभी भी हो सकता है धराशायी पर जिम्मेदारों को परवाह नहीं



## स्कूल की राशि का दुरुपयोग समाज प्रमुख ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

शिक्षा विभाग से स्कूल भवन मरम्मत कार्य में भ्रष्टाचार, रीपा योजना की राशि से जानबूझकर पुरानी मिनी राइस मशीन और फ्लैक्स मशीन खरीदकर पैसों का दुरुपयोग करने, मावा मोदोल भवन की मरम्मत सहित कई सारे मरम्मत कार्य गुणवत्ताहीन की जाँच करने की माँग समाज प्रमुखों के द्वारा किया गया है। समाज प्रमुखों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर युवा अध्यक्ष हरेश रावटे, विजय कोमरा, राजेश गोटा, अशवंत दुग्गा, दीपक कल्लो, विष्णु कोवाची, मेहतर मंडावी, कृष्णा कल्लो, अनिल नेताम, जगदीश पुड़ो, रूपेंद्र कोर्राम व यशवंत मरकाम उपस्थित रहें।

## जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** गोण्डाहुर थानांतग्रत 20 वर्षीय रोहित मंडल ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसका 11 फरवरी को मौत हो गया। बीआर अंबेडकर अस्पताल रायपुर के वार्ड बॉय ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

## प्राशा बयानार को पुनः शुरू करने की मांग, ग्रामीणों ने जताई चिंता



**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम बयानार में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक शाला जो वर्ष 1963 से बच्चों की शिक्षा का केंद्र रही है, वर्ष 2005 में कन्या आश्रम शाला में परिवर्तित कर दी गई थी। वर्तमान में इस शाला में कक्षा पहली से आठवीं तक की कुल 45 बालिकाएं अध्ययनरत हैं। सहायक आयुक्त शाखा द्वारा जानकारी दी गई है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से लड़कों को कन्या आश्रम शाला में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिससे गांव के आदिवासी परिवारों में चिंता और नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लड़कों को प्रवेश नहीं मिलेगा तो उन्हें अन्य गांवों की शालाओं में जाना पड़ेगा, जो कि दूरी, सुरक्षा और आर्थिक स्थिति के लिहाज से बेहद कठिन होगा। इससे बच्चों की शिक्षा बाधित होने की पूरी आशंका है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सन 1963 से संचालित प्राथमिक शाला को दोबारा शुरू किया जाए, ताकि गांव के लड़कों को भी शिक्षा के समान अवसर मिल सके और उन्हें इधर-उधर भटकने की जरूरत न पड़े। ग्रामवासियों ने चेतावनी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### नए बस स्टैंड भव्य डोम तैयार, सम्मेलन को तैयारी अंतिम चरण में

# पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए भाजपा संभागीय सम्मेलन आज, दो मंत्री समेत कई जुटेंगे दिग्गज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- वित्त मंत्री चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगे शामिल



भाजपा के पिछड़ा वर्ग के द्वारा पिछड़ा वर्ग को साधने के लिए कांकेर में संभागस्तरीय सम्मेलन का आयोजन आज कांकेर के नए बस स्टैंड के डोम में रखा गया है और तैयारी अंतिम चरण में है। आयोजित सम्मेलन में प्रदेश के संगठन प्रमुख के अलावा प्रदेश के दो मंत्री और अन्य दिग्गज शामिल होंगे।

संभागस्तरीय सम्मेलन को लेकर भाजपा के संगठन प्रमुख लगातार जिले के सभी मंडलो में बैठक करके भीड़ लाने का लक्ष्य दिया है, वहीं बस्तर संभाग के अन्य 6 जिलो कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर से संगठन प्रमुखों को पिछड़ा वर्ग से जुड़े लोगों को लाने का लक्ष्य दिया गया है। संभागस्तरीय सम्मेलन की तैयारी अंतिम चरण में है और इस सभा के माध्यम से केंद्र सरकार पिछड़े वर्ग के लिए अभी तक जो भी योजनाएं संचालित किया है और उससे किस तरह से लाभ मिला है, उसके बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा एक देश, एक चुनाव पर भी चर्चा किया जाएगा। भाजपा कांकेर संगठन के द्वारा लगातार बैठक करके सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है और सभी को बेहतर कार्यक्रम पूर्ण कराने को लेकर दायित्व दिया गया है। संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारी अपने दायित्वों को निर्वाह करने के लिए पूरी कमान संभाल लिया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, विशिष्ट अतिथि महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के अलावा विशेष अतिथि विधायक विक्रम उसेंडी, विधायक आशाराम नेताम, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अट्टामी, बेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवासराव मद्दी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी एवं अन्य भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### रसोईया संघ की हड़ताल आज से

**नगरी।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ के आह्वान पर 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 से 30 जुलाई तक गांधी मैदान धमतरी में बाइक रैली व धरना प्रदर्शन काआयोजन किया गया है जिसमें नगरी, कुरूद, मगरलोड, धमतरी के सभी रसोईये शामिल होंगे। चुनावी घोषणापत्र में 50 प्रतिशत मानदेय देने, अंशकालीन को पूर्णकालीन करते हुए रसोईयों को कलेक्टर दर पर मानदेय देने, स्कूल से छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या कम होने पर रसोईयों को काम से निकालना बंद करें।

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण आज से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

### कूप कटाई की राशि दिलाने की मांग

**कुकरेल(धमतरी)।** वन विभाग में कूप कटाई का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। इसी तारतम्य में धमतरी वन मंडल के केरेगाव के कूप नंबर 07 के कक्ष क्रमांक 177 में ग्राम सलोनी लीलर तथा भंवरमरा के दर्जनों महिला व पुरूष मजदूरों ने गर्मी के दिनों में लकड़ी की कटाई की थी। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी मजदूरी नहीं मिल पाई है। मजदूरों का कहना है कि क्षेत्रीय अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। मजदूरों ने अब जनदर्शन का सहारा लेने की बात कही है। मजदूर संघ के मनक निषाद, कैलाश कुंजाम, मानसिंग, लोमन, कुलेश, सोमन, राही कुंजाम, अशोक पडौटी, लक्ष्मी नागेश, सतरूपा, अहिल्या, भूपेन्द्र, संजू, खोमलाल, लीलू, रामचंद, अरविंद ने वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों से कूप कटाई की राशि तत्काल दिलाने की मांग की है।

### घायल मजदूर की महीने भर बाद मौत

**धमतरी।** राइस मिल में चावल की छल्ली धंसने से नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय आमापारा बनियातालाब निवासी रामेश्वर यादव पिता अंजीर उम्र 60 वर्ष हमाली का काम करता था। बीते माह 26 जून को रामेश्वर तीन साथी मजदूरों के साथ ग्राम हरफतराई स्थित राइस मिल में चावल की बोरियों को ऊपर चढ़ाने का काम कर रहा था। इसी दौरान चावल की छल्ली धंस गई जिससे चावल की बोरियां रामेश्वर सहित अन्य मजदूरों पर गिर गई। घटना में घायल रामेश्वर सहित अन्य मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल मजदूर को रायपुर के अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से घायल को वापस धमतरी लाकर नंदा अस्पताल में भर्ती किया गया। 14 जुलाई को घायल को जिला अस्पताल में एडमिट किया गया था।

# मुख्य मार्ग पर गलत तरीके से खड़े 18 वाहनों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं जिले में सुगम एवं सुरक्षित सड़क बनाने हेतु हर संभाव प्रयास किया जा रहा है, यातायात नियमों का पालन नही कर नो पार्किंग में मालवाहक ट्रक और हाईवा वाहन चालक द्वारा प्रतिबंधित मार्ग पर वाहन गलत तरीके से खड़ा करने पर यातायात पुलिस द्वारा कुल 18 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर समझाइश दी गई। जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन करने, यातायात पुलिस द्वारा समझाईश एवं प्रर्वतन कार्रवाई की जा रही है। यातायात प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले कुल 22 वाहन चालक, बिना सीट बेल्ट कुल 23 वाहन चालक, एवं शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 3 वाहन चालक पर कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस नारायणपुर के द्वारा आम नागरिकों को यातायात नियमों के बारे में बताते हुये यातायात नियमों का पालन करने अपील किया गया है। पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील नायक के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक मोहसिन खान के हम स्टॉप के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ नारायणपुर यातायात पुलिस का अभियान जोरों पर है।

## यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें : एसपी

ट्रक व हाईवा से वसूला गया जुर्माना




### वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें: एसपी

पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर रॉबिन्सन गुड़िया ने जिलेवासियों से अपील की है कि कृपया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। शराब सेवन करन वाहन न चलाएं यातायात नियमों का पालन करके आप स्वयं और दूसरों की जान बचा सकते है। पुलिस का उद्देश्य सिर्फ चालान करना नहीं बल्कि जनजीवन की रक्षा करना है।

## प्रदर्शन : तहसीलदार और नायब तहसीलदार का 3 दिन का आंदोलन शुरू

# हड़ताल में जाने से तहसीलों में कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



17 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले में कनिष्ठ सेवा संघ के अधिकारीयों ने स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में आंदोलन शुरू कर विरोध दर्ज कराया। 28 जुलाई से 30 जुलाई तक 3 दिवसीय आंदोलन आज से सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने शुरू कर हड़ताल में चले गए हैं। जिसके चलते तहसील कार्यालयों मे कामकाज ठप हो गया है। जिले के तहसीलदार- नायब तहसीलदारों ने प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जगदलपुर के तहसीलदार रुपेश मरकाम ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि लंबे समय से कार्यालयों में मूलभूत संसाधनों की भारी कमी है। न तो पर्याप्त स्टाफ है, न तकनीकी सुविधाएं और न ही अधिकारियों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था है। सरकारी वाहन तक नहीं होने से हमें ईंधन भरवाकर हमें अपने वाहन से काम करना पड़ रहा है।

■ 17 सूत्रीय मांग को लेकर कर रहे हड़ताल

### संसाधन नहीं तो काम नहीं सहित 17 मांगें

*तहसीलदार रुपेश मरकाम ने बताया कि पूरे प्रदेश के कनिष्ठ सेवा के अधिकारी आज से 30 तारीख तक 17 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल में है। उन्होंने कहा कि संसाधन नहीं तो काम नहीं के तहत 17 बिंदुओं पर हमारी मांग है। उन्होंने कहा कि लोकहित में सरकार कार्य करती है जिसके तहत लोक सेवा गारंटी भी आता है।*

ऐसी स्थिति कई जगह है। इस हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ा है। तहसीलों में रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन, कोर्ट प्रकरणों की सुनवाई, नक्शा प्रतियां, आय,जाति,निवास प्रमाण पत्र जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं ठप हो गई हैं। लोग तहसील कार्यालय पहुंच तो रहे हैं, लेकिन कामकाज बंद होने से उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जो सेवाएं प्रदान की जानी है उसे प्रदान करने के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन नहीं है। यहां तक की कंप्यूटर जैसे संसाधन भी नहीं है, इसलिए लोक सेवा गारंटी के कार्यों को करने में असमर्थ हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि पर्याप्त संसाधन मुहैया कराया जाए। अन्य मांगों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले डिप्टी कलेक्टर की पोस्ट पर 50-50 का अनुपात था परंतु अब शासन ने उसे 60 -40 कर दिया है। मांग है कि पहले जैसे ही व्यवस्था लागू की जाए। नायब तहसीलदार को राज पत्रित अधिकारी घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि वेतन का सेटअप भी कार्यपालिक दंडाधिकारी के अनुरूप किया जाए। धरना स्थल पर बस्तर जिले के तहसीलों के तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहें।

# शिक्षा का स्तर सुधारने में सबकी भागीदारी जरूरी : कश्यप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के ग्राम गढ़यिा सरपंच भरत कश्यप ने पंचायत के सभी स्कूलों का भ्रमण कर वहां चल रहे अध्ययन-अध्यापन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों की स्थिति और उनकी समस्याओं के साथ शाला भवनों का हाल जाना। वे बच्चों से मिले उनका हौसला बढ़ाया और शिक्षकों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल भी पूछा। उन्होंने कहा कि गांव में शिक्षा के स्तर को लेकर हम सभी को मिलजुल कर कार्य करना जरूरी है। सरपंच भरत कश्यप ने कहा शिक्षक भविष्य के निर्माता है। शिक्षा की अवधि महत्वपूर्ण होता है। हमारे ग्राम पंचायत के बच्चे उत्साही और संघर्षशील है। इस अवसर पर उपसरपंच संतू कश्यप, सचिव डमरू नेताम, चेतन ग्वाल सहित अन्य सदस्य साथ थे।

■ गढ़िया पंचायत की शालाओं में पहुंचकर सरपंच ने जाना हाल

## सावन सोमवार को शिवालयों में भक्तों ने किया रुद्राभिषेक...



**फरसगांव।** सावन का तीसरे सोमवार को 28 जुलाई को क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। नगर के सामुदायिक भवन के पास, तालाब के पास, बिजली ऑफिस स्थित शिव मंदिर और भैरव बाबा शिव मंदिर समेत आस पास के अनेक छोटे बड़े शिवालयों में सुबह से देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओ ने भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर शिवलिंग पर बेलपत्र, फूल, फल और शहद चढ़ाकर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख–शांति और समृद्धि की कामना भी की।

# नाबालिग का अपहरण कर अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के बाद जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया वही सह आरोपी बालक को निरुद्ध किया है।

प्रार्थिया ने फरसगांव थाना आकर लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 17 फरवरी को प्रार्थिया शादी घर में थी। रात्रि लगभग 9 बजे नाबालिग बालक द्वारा प्रार्थिया को दबाव डाल कर शादी घर से बाहर ले गया। वहाँ पर पहले से ही मोटर सायकल लेकर गुडेश्वर मरकाम खड़ा था। दोनों लोग एक साथ स्कूल में ही पढ़ते थे। दोनों को अच्छे जानते पहचानते थे। चल बात करना है कहकर नाबालिग और गुडेश्वर प्रार्थिया को जबरन मोटर सायकल में बैठाकर बालक के घर के पीछे खेत में बने लाड़ी में ले गये।नाबालिग बालक गाड़ी लेकर वापस आ गया। गुडेश्वर मरकाम प्रार्थिया को नाबालिग जानते हुये धमकी देकर जबरदस्ती प्रार्थिया के मर्जी के बिना शारीरिक संबंध बना कर अनाचार किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना फरसगांव में अपराध कमांक 100/2025 धारा 137(2), 65 (1), 351(3), 3(5) बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 4 कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर थाना प्रभारी संजय सिंन्दे के नेतृत्व में विवेचना के दौरान आरोपी गुडेश्वर मरकाम पिता बेसावराम मरकाम उम्र 20 वर्ष निवासी बेसवापारा गारे (रांधना) व घटना में शामिल बालक को 28 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार व निरूद्ध कर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई किया गया है।

उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय रक्षित केन्द्र कोण्डागांव, सउनि सुरेन्द्र बघेल, पिताम्बर कठार, आरक्षक अजय मरकाम, नारायण सार्दुल, महिला आरक्षक सरस्वती यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

■ घटना में शामिल बालक को भी किया निरूद्ध

## पीएमएफएमई योजना पर कार्यशाला, उद्योग स्थापना पर मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत कोण्डागांव के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला के दौरान खाद्य उत्पादों के निर्माण की संभावनाओं पर चर्चा की गई। जिले में उद्योग स्थापना के लिए उपस्थित हितग्राहियों को आवश्यक जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला में नगर के महिला स्व सहायता समूहों के प्रतिनिधियों एवं पीएमएफएमई योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों की सहभागिता रही।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर कोण्डागांव ब्लॉक के डीआरपी अक्षत श्रीवास्तव एवं राजेन्द्र कुमार नेताम, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से श्रीमती कुसुमलता नेताम प्रबंधक व श्रीमती नम्रता एल्मा सहायक प्रबंधक, लीड बैंक अधिकारी अशोक मिंज, अंत्यव्यवसायी विभाग के सीईओ घनश्यम ब्रम्हे, परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज से कुलेश्वर वर्मा एवं जनपद पंचायत डीपीएम अखिलेश सलाम उपस्थित रहे।



# लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे हरीश

**सुकमा।** पिछले दो सालों में लोगों की समस्याएं बढ़ गई है, ग्रामीणों का कोई काम नहीं हो रहा है। आए दिन ग्रामीणों की शिकायते आ रही है, साथ ही क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की अनुपस्थिति में उनके बेटे हरीश कवासी जनता के बीच जाऐंगे और उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे। हर महीने में पांच दिन विभिन्न गांवों का दौरा करेंगे और नियद माटा हरीश त संग कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराऐंगे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बताया कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से ग्रामीण इलाकों की समस्याएं बढ़ गई है। ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक कवासी लखमा की अनुपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है इसलिए में हर महीने पांच गांवों का दौरा करूंगा। नियद माटा हरीश त संग कार्यक्रम के तहत गांव का दौरा किया जाएगा। वहां के वरिष्ठजनों से मुलाकात की जाऐंगी। साथ ही गांव के लोगों की समस्याओं से रूबरू होंगे। उसके बाद उन समस्याओं का समाधान करने के लिए शासन-प्रशासन को अवगत कराऐंगे। उन्होंने बताया कि सुकमा जिले में विकास ठप्प हो गया है। शासन की कोई भी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को नहीं मिल रहा है।

## संकुल समन्वयक स्कूल खुलने से बंद होने तक रहे मौजूद

# माकड़ी विकासखंड में शालाओं का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विकासखंड माकड़ी की सभी शालाओं का आज औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुखराम देवांगन और खण्ड स्त्रोत समन्वयक ताहिर खान व बीआरपी भेदराम मानकर के मार्गदर्शन में समस्त संकुल समन्वयकों द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर, राजेश पाण्डेय और जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव, भारती प्रधान के निर्देशानुसार निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के लिए 12 संकुलों को तीन जोन में विभाजित किया गया था। जिसमें प्रत्येक जोन में एक निरीक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया। समस्त संकुल समन्वयकों को चार–चार स्कूल आवंटित किए गए थे। सभी संकुल समन्वयक स्कूल खुलने के समय से बंद होने तक विद्यालयों में उपस्थित रहे। निरीक्षण के साथ–साथ अध्यापन कार्य भी किया। निरीक्षण दल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में गुणवत्ता लाना था। इस दौरान समस्त शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। निरीक्षणकर्ताओं ने शाला समय पर स्कूल पहुंचकर बच्चों से प्रार्थना करवाई और विस्तृत जांच की, जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान दिया गया। शाला की साफ–सफाई, पाठ्यपुस्तक वितरण की स्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, शिक्षक उपस्थिति, शिक्षक दैनिक उपस्थिति पंजी और अन्य आवश्यक पंजियों का संधारण व नियमित इंद्राज। निरीक्षण के दौरान शालाओं की जानकारी और शालेय कर्तव्य पर अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी निरीक्षण प्रपत्र में भरकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई।

## पेज 11 के शेष

### दरगहन सतसंग भवन...

वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 2151 को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे योगेश कुमार साहू घायल हुआ है। घायल युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक एमएच 34 सीजे 8982 का चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। पिता का कहना था कि बेटे के ईलाज चलने के कारण रिपोर्ट देर से लिखा रहा हूँ, वहीं दूसरे पक्ष ने दो दिन पहले ही इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करा चुका है।

### पाड़ेगा व सांवेर...

के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में जर्जर भवनों के कारण बच्चों को वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट करना न केवल उनकी पढ़ाई को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। सरकार और संबंधित विभागों को इस मामले में गंभीरता से विचार करते हुए जल्द से जल्द इन आंगनबाड़ी भवनों का जीर्णोद्धार या नए भवनों का निर्माण कराना चाहिए, ताकि बांदे सेक्टर के नौनिहालों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा मिल सके। बच्चों के भविष्य और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है और इस पर कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इस गंभीर मुद्दे पर जब सेक्टर सुपरवाइजर भारती शोरी से बात की गई तो उन्होंने पुष्टि की है कि इस संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों को पाड़ेगा और सावेर दोनों आंगनबाड़ी भवनों की खराब स्थिति के बारे में जानकारी दे दिया गया है।

### दुधावा बांध से...

एवं कांवड़ को सजाकर खाली पैर चलते हुए दुधावा बांध पहुंचे। कांवड़ियों ने जल से भरी कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया। कांवड़ियों ने पैदल चलते हुए, बोल बम, हर हर महादेव, भोले के जयकारा लगाते रास्ते में लगाते रहें। सावन के महीने में कावड़ यात्रा की जाती है। यह एक धार्मिक यात्रा है, जिसमे भक्तजन पवित्र नदी से जल भरकर लाते है और भगवान शिव में अर्पित करते है। यह यात्रा भगवान शिव के प्रति भक्ति और समपर्ण का प्रतीक है। कांवड़ियों के लिए बस स्टैंड दुधावा में जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू, उपसरपंच निरंजन गंजीर, पंचू साहू, मोती साहू, दिनेश रजक, रामसुख पटेल, सीता राम पटेल, वार्ड पंच गायत्री देवी राय ने फल व पानी कि व्यवस्था किया। इन कांवड़ियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस चौकी दुधावा के पुलिस सिपाहियों तैनात रहें।

### जहर खाने से...

अस्पताली मेमो पेश कर बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्राशा बयानार को...

दी है कि यदि समय रहते इस मांग पर विचार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शिक्षा का अधिकार हर बच्चे का मूल अधिकार है, और ऐसे में प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस गंभीर मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान ले।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष ओमप्रकाश व उपप्रांत अध्यक्ष भागचंद बनाए गए




**बस्तर।** छग राजस्व पटवारी संघ का प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन हेतु प्रांतीय बैठक मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी में प्रान्त अध्यक्ष भागवत कश्यप द्वारा रखा गया था। छग के विभिन्न जिलों से पदाधिकारी का गठन किया गया। जिसमें उपप्रांत अध्यक्ष भागचंद कश्यप एवं संभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश चंदेल को बनाए गए।

### विधायक ने शोक संवेदना व्यक्त की



**घाटलोहंगा।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल कोलचूर व करपावंड में दुःखद कार्यक्रम में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को जैसे ही ग्राम पंचायत कोलचूर एवं करपावंड में दुःखद समाचार की जानकारी मिली, वे तुरंत कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुँचे। विधायक ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने भी परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### नवीन भर्ती एनसीसी के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

**बस्तर।** सोमवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में नवीन भर्ती एनसीसी के लिए मेडिकल टीम उप स्वास्थ्य केंद्र बस्तर द्वारा छात्र-छात्राओं का मेडिकल ब्लड जांच कराया गया, जिसमें प्राचार्य मनोज सिंह, एनसीसी अधिकारी रितेश कुमार बघेल, डॉ. छबि कुमार नेताम, डॉ. प्रिया कौशल, राजकुमार, चेतन दीवान, पंचमी यादव मेडिकल टीम उक्त कार्य में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जिससे डरने या शर्माने की आवश्यकता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील्स एसबीआई फाउंडेशन, वित्तपोषित एवं शिखर युवा मंच, बिलासपुर द्वारा संचालित टीम ने बीजापुर ब्लॉक के ग्राम कोयाईटपाल में एक विशेष स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों और किशोरी बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और मासिक धर्म संबंधी जागरूकता प्रदान करना था।



एसबीआई संजीवनी की टीम ने विद्यार्थियों को हाथ धोने की सही विधि बताई जैसे साबुन लगाना, उंगलियों के बीच सफाई, नाखूनों की सफाई आदि का डेमोंस्ट्रेशन दिया। बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए हाथ धोने की प्रक्रिया को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को ब्रश, कोलगेट, साबुन और जीभी से युक्त व्यक्तिगत स्वच्छता किट प्रदान की गई ताकि वे स्वच्छ आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। विद्यालय परिसर में किशोरी बालिकाओं के लिए एक संवेदनशील एवं सूचनात्मक सत्र आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं को बताया गया कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जिससे डरने या शर्माने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें यह भी समझाया गया कि इस दौरान स्वच्छता कैसे बनाए रखें, कितनी बार पैड बदलें और संक्रमण से कैसे बचें। टीम के डॉक्टर एवं स्टाफ ने बालिकाओं के प्रश्नों के सहज एवं सहानुभूति पूर्ण तरीके से उत्तर दिए। सत्र के अंत में सभी किशोरी बालिकाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठकों एवं शिक्षकों ने एसबीआई फाउंडेशन, शिखर युवा मंच एवं एसबीआई संजीवनी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानपाठक एनके कश्यप, कामेश्वर डब्बा और संजीता पुजारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें व्यवहारिक समाधान भी प्रदान करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों के समग्र विकास को बल मिलेगा। यह पहल ग्राम कोयाईटपाल में स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एनके कश्यप, उमेश कुमार पैकरा, कामेश्वर डब्बा, कोडे बुच्चा राव, संजीता पुजारी, कुसुम सहित एसबीआई संजीवनी टीम मुकेश मानिकपुरी, डॉ. माधुरी ठाकुर, सुश्री जयश्री सेगम, सुश्री मनोरमा उसेंडी, सिध मौर्य, सियाराम कुड़ियम उपस्थित थे।

## सक्षम के विशेष बच्चों से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष

# बच्चों संग खेला टेबल टेनिस, जाना हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जावंगा एजुकेशन सिटी में स्थित सक्षम वन जो विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने हेतु समर्पित है का निरीक्षण जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा किया गया।

■ शारीरिक सीमाएं कभी भी आत्मबल की सीमा नहीं बन सकतीं : मुड़ामी

इस संस्थान में दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, चलने-फिरने में असमर्थ तथा अन्य प्रकार के विशेष दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बच्चों के क्लास रूम, छात्रावास, भोजन व्यवस्था व खेल सामग्री का अवलोकन किया और बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने बच्चों के साथ



टेबल टेनिस खेला और उनके कौशल की सराहना करते हुए कहा कि शारीरिक सीमाएं कभी भी आत्मबल की सीमा नहीं बन सकतीं। आप सभी बच्चे प्रेरणास्त्रोत हैं।

### पेंटिंग की सराहना

बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स को देखकर अध्यक्ष ने विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता अत्यंत प्रभावशाली है और उनके द्वारा बनाई गई चित्रकला समाज को एक नई दृष्टि देती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि ऐसे रचनात्मक प्रयासों को आगे और प्रोत्साहित किया जाए।

### स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान

अध्यक्ष ने संस्थान के स्टाफ को निर्देशित किया कि हर 15 दिन में अनिवार्य रूप से सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच कराई जाए और उसका रिकार्ड नियमित रूप से संधारित किया जाए। साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बच्चों ने जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को अपने बीच पाकर अत्यंत खुशी जताई यह दृश्य भावनात्मक और उत्साहवर्धक था।

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा, सक्षम जैसे संस्थान हमारे जिले की गरिमा हैं। जिला पंचायत की ओर से बच्चों को आगे बढ़ाने के हर प्रयास को निरंतर सहयोग मिलेगा, ताकि ये बच्चे आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और आत्मबल के साथ समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकें। निरीक्षण कार्यक्रम में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी उपस्थित रहे जिनमें नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी तथा बीआरसी जितेंद्र चौहान, श्याम सिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष सुजीत सिंह ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, मंडल महामंत्री अजय अवस्थी प्रमुख रहे।

### समावेशी पाठ्यक्रम, कंप्यूटर, पेंटिंग, घुड़सवारी

बच्चों को सामान्य शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर शिक्षा, पेंटिंग, और विशेष रूप से घुड़सवारी हॉर्स राइडिंग जैसे अनुपम कौशल भी सिखाए जा रहे हैं। 23 विद्यार्थी गुड सवारी की प्रशिक्षण ले रहे हैं, निरीक्षण के दौरान दो प्रिंस और दिनेश विद्यार्थियों से मुलाकात हुई जिन्होंने घुड़सवारी में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीते, दिनेश को मुख्यमंत्री जी द्वारा पंख आवर्ड से सम्मानित किया गया जो इस संस्थान की गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा प्रणाली को दर्शाता है।

## ई-ऑफिस के माध्यम से चलेंगी फाइलें

सुकमा। राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यों में फाइलों का संधारण एवं कार्यालय द्वारा किये जाने वाले समस्त पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से किया जा रहा है। जिसके परिपालन में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सर्व कार्यालय प्रमुख को निर्देशित किया है कि वे आज से ही कार्यालयीन फाइलों का संधारण एवं कार्यालय द्वारा किये जाने पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से करना सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक चरण में सर्वप्रथम आपके द्वारा किये जाने वाले कार्यालयीन पत्राचारों को ई-ऑफिस के माध्यम से करना प्रारंभ करेंगे। ई-ऑफिस की कार्यवाही में निरंतरता पश्चात कार्यालय प्रमुख सभी कार्यालयीन नस्तियों का संधारण एवं कार्यालय द्वारा किये जाने वाले पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही करना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ हो यह भी निर्देश दिया गया है कि जिस कार्यालय के शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों का **NIC Mail ID** नहीं बना या **NIC Mail ID** बना किन्तु ई-ऑफिस संचालन हेतु **Onboarding** नहीं हुआ है, तो संबंधित कार्यालय प्रमुख व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुए, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी., जिला सुकमा से समन्वय स्थापित कर, संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों का **NIC Mail ID** बनाये जाने एवं **Mail ID** का ई-ऑफिस हेतु **Onboarding** कराये जाने की कार्यवाही करेंगे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

TEAM CREATIVE
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## प्राण न्योछावर करने वाले सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**कोंटा।** लम्बे समय से कोंटा विकासखंड मुख्यालय में सेवा दे रही सीआरपीएफ 217वीं बटालियन परिचालन रेंज कोंटा डीआईजी मुख्यालय में सीआरपीएफ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वाहिनी ने मुख्यालय कोन्टा प्रांगण में 87वां स्थापना दिवस इस अवसर पर राजेश पांडे पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा और विजय शंकर कमांडेन्ट 217 बटा. ने देशहित के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सभी वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर राजेश पांडे, पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा ने स्पेशल गार्ड से सलामी ली और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्थापना दिवस की शुमकामनाएं देते हुए तथा बल के इतिहास और बल के महत्व के बारे में उपस्थित अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण और जवानों के साथ साझा किया तथा सभी जवानों को बल के लिए अच्छा कार्य करने व प्रशिक्षण कौशल को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नीर सिंह मीणा द्वि. कमा अधिकारी, पार्थ सारथी साहू उप कमाण्डेन्ट, सौरभ कुमार सिंह उप कमाण्डेन्ट, डॉ. मंदीप सिंह एसएमओ तथा डी. राजा इलमपरिती सहा. कमाण्डेन्ट, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवान शामिल हुए ।



## खबर संक्षेप



### शोक मिलन कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

**दुर्गूकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी दुर्गूकोंदल में पहुंचकर विनोद पारख, राजकिशोर पारख के पिता पारख प्रोविजनल स्टोर के संचालक स्व. केवल चंद पारख के निधन उपरांत 27 जुलाई रविवार को स्वामी वात्सल्य शांति शोक मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। विधायक ने तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना। परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। इस शोक कार्यक्रम में सुनाराम त्तेता, सुनील बबला पाढ़ी, सविता उयके, हुमन मरकाम, मुन्ना सिन्हा, गोपाल राठी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का महापौर ने धोए पैर



**जगदलपुर।** तीसरे सावन सोमवार को कुम्हारपारा के अंजनेश्वर महादेव मंदिर में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। इंद्रावती नदी से जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाया और पूजा अर्चना की । इस मौके पर महापौर संजय पाण्डे ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पैर धुलाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### बिसरूराम वर्मा को शोक सभा में दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** बस्तर अंचल के वरिष्ठ पत्रकार एवं बस्तर जिला पत्रकार संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा के पिता बिसरु राम वर्मा के निधन पर शोक सभा में श्रद्धांजलि दी गई। आज बस्तर जिला पत्रकार संघ कार्यालय में संतोष वर्मा को पितृशोक पर संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर संघ के सदस्यगण मौजूद रहे।

## पर्व : सावन के तीसरे सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा की

# रुद्रेश्वर महादेव के जलाभिषेक में विधायक हुए शामिल व टिनशेड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



शिवजी के आराधना का पर्व सावन माह के अवसर पर नगर नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित रूद्रेशवर महादेव मंदिर में रूद्राभिषेक कार्यक्रम व टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि व यजमान विधायक आशाराम नेताम ने रूद्रेशवर महादेव मंदिर के रुद्राभिषेक में भाग लिया, वहीं पूजा-अर्चना के लिए पं डॉ लक्ष्मण शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर विधिवत रुद्राभिषेक संपन्न कराया। सावन माह के अवसर पर रूद्रेशवर महादेव मंदिर में पूजा कार्यक्रम के बाद वार्ड क्रमांक 10 में टीन शेड निर्माण कार्य का विधायक आशाराम नेताम व वार्ड पार्षद मुकेश संचेती ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। विधायक आशाराम नेताम का वार्डवासियों द्वारा आत्मीयता से स्वागत किया गया एवं विधायक ने श्रावण मास की सभी को शुभकामनाएँ दी तथा कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। वार्ड पार्षद मुकेश संचेती ने शेड निर्माण को लेकर निवेदन किया था, जिसकी स्वीकृति पश्चात आज आप सभी की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। यह शेड हर कार्यक्रमों में मौसम के चलते होनी वाली परेशानियों से निजात दिलायेगा और साथ ही सभी सामाजिक धार्मिक आयोजनों के लिए यह लाभदायक सिद्ध होगा। वार्ड पार्षद मुकेश संचेती ने विधायक का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया एवं वही सभी को प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात नगर में भव्य झाकी के साथ कावड यात्रा निकाली गई जो की निलकंठेशवर मंदिर से प्रारंभ होकर सुरही पुल से जल लेकर पुनः मंदिर पहुच शिवजी पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में शिव पार्वती के झांकी ने लोगों में जोश व उत्साह को दुगुना कर दिया। उक्त कार्यक्रम में तहसीलदार पौरस वेंताल, जसराज चोपड़ा, देवानंद साहू, पंकज त्रिपाठी, नितेश मगेद्र, अल्का शर्मा, प्रफुल्ल दिक्षित, आशा राम जूरी, आशा रावटे, मदन शर्मा, दीपक यादव, रामपाल शर्मा, अमन तिवारी, आसकरण धुव, भागवत शोरी, पुष्कर सिन्हा, विजयेंद्र शुक्ला, मोती साहू, पंचू साहू, विनय तिवारी, मनोरमा साहू, रेवति सिन्हा, निशा कटेद्र, उमा सिन्हा, पवन देवांगन, अंकिता ठाकुर, संतोषी दूर्गा, धर्मेंद्र साहू, ओमेश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### महादेव मंदिर निर्माण के लिए विधायक विक्रम ने किया भूमिपूजन



**अंतागढ़।** सावन के पावन अवसर पर सावन के तीसरे सोमवार को अंतागढ़ नयापारा बाजार चौक के पास भव्य महादेव मंदिर का निर्माण किया जाना है, जिसे लेकर भूमिपूजन और कार्यारंभ की शुरुवात की गई। महादेव मंदिर निर्माण के लिए पंडाल लगाया गया था और पं के द्वारा मंत्रोंपचार कर विधिवत से पूजा अर्चना की गई, जिसमें गांव के सभी देवी देवता भी शामिल हुए। पूजा उपरांत भूमिपूजन एवं कार्यारंभ क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी एवं सभी जनप्रतिनिधि के द्वारा कुदाली चलाकर किया गया। गौरतलब है कि अंतागढ़ बाजारपारा में बहुत पुराना श्री महादेव मंदिर है जो पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है। नगरवासी द्वारा वही एक भव्य महादेव मंदिर निर्माण करने बैठक की गई एवं सभी की सहभागिता होने के चलते श्री महादेव मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया और पदाधिकारी व सदस्य चुन आगे का मंदिर बनाने विचार विमर्श कर 28 जुलाई को भूमिपूजन और कार्यारंभ का कार्यक्रम रखा गया जहां आज विधिवत पूजा की गई और कार्यारंभ किया गया। समूचे नगर में खुशी है कि अंतागढ़ में भी श्री महादेव मंदिर भव्य बनेगा जबकि हाल ही में श्री हनुमान मंदिर का निर्माण हुआ है। अब श्री महादेव मंदिर बन जाने से श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करने में आसानी होगी और मंदिर में अपने को शांति महसूस कर श्री चरणों में ध्यान लगाएंगे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, रामविलास गुप्ता, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, भानुप्रतापपुर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, मोनिका शाह, महेश उईके, सुनीता मंडल, नरोत्तम चौहान, वरुण खापर्डे, लक्ष्मण कुलदीप, मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी समस्त सदस्य एवं नगरवासी के उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया।

## संगठन सृजन अभियान के तहत मंडल कांग्रेस कमेटी गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेडा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार संगठन सृजन अभियान के तहत कोयलीबेडा ब्लॉक में मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, रूप सिंह पोटाई, रतिराम दुगा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रवण यादव एवं क्षेत्र के पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष सहित 21 पदाधिकारी का सर्व समिति से निर्णय लेकर चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष प्रेमलाल उनदरे को बनाया गया। संगठन सृजन अभियान के तहत सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारीयों को गुलदस्ता तिलक वंदन कर स्वागत एवं बधाई प्रेषित किया गया। मंडल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष उमेश बघेल, मनेष कुमार दररो व प्रमिला पटेल, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार उसेडी, सचिव सतीश कौशल, अनुराम नुरेटी व हीरालाल सलाम, सहसचिव हरिश्चंद्र देहारी व श्रवण दररो, सोशल मीडिया समन्वयक गौतम सिंह निषाद, कार्यकारिणी सदस्य सतउराम दुगा, लक्ष्मी नाथ दुर्गा, रोहित नेगी, राजमान गावडे, अशोक दुगा, फकीरचंद तरम, शांति तेता व सियाराम गावडे का चयन किया गया। कार्यक्रम में दुर्गेश ठाकुर, सुरेश सिंह बघेल, अनिल दररो सहित सभी बूथ सेक्टर जॉन के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल रहे।

## बरदेभाटा में चाकू मारकर युवक की हत्या, आरोपी फरार, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शहर के बरदेभाटा चौक में 28 जुलाई की देर शाम लगभग साढ़े 6 बजे के आसपास चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। युवक को घायल अवस्था में इलाज के लिए कांकेर मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। संदिग्ध आरोपियों की तलाश जारी है।

मृतक युवक शिव बाल्मिकी 22 साल पिता तिजूराम निवासी टिकरापारा कांकेर सोमवार शाम बरदेभाटा की ओर गया था, जहां उसे किसी ने चाकू मार कर घायल कर दिया। युवक ने अपने दोस्त आदर्श ठाकुर को शाम 6 बजकर 33 मिनट पर काल करके बताया कि मुझे चाकू मार दिया गया है। मैं मरने वाला हूँ, जिस पर वह अपने दोस्त के साथ तत्काल कार सेलून के निकट पहुंचा, जहां युवक घायल अवस्था में पड़ा था। उसके दोस्तों ने उसे आटो में डालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ईलाक कर रहे चिकित्सक डा. अनिल वर्मा ने बताया गले में चाकू के वार से गहरी चोटें आई है, जहां काफी खून बह गया। युवक के दोस्तों ने बताया आटो में उसने चाकू मारने वाले युवक का नाम बताया है, जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। इधर पुलिस संदिग्ध का नाम सामने आने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दिया। आरोपी युवक को माकड़ी के निकट देखे जाने की सूचना है। मृतक युवक घटना के एक घंटे पहले अपने दोस्त के साथ नए बस स्टैंड में था। यह विवाद किस कारण से हुआ और घटना कैसे हो गई, विस्तृत जानकारी पुलिस अभी तक नही जुटा पाई है। पुलिस आरोपी की तलाश में कई टीम को आसपास रवाना कर दिया है।

## जर्जर भवनों की मरम्मत पर दें विशेष ध्यान : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला स्तरीय शिक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभापति जिला शिक्षा समिति महेश कुंजाम ने की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य लीना ओयाम और सोयम भीमा उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा विभाग की योजनाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी के द्वारा जिले के स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्यों, स्कूलों की दर्ज संख्या, प्राप्त विभागीय बजट, कार्यरत और रिक्त शिक्षक पद एवं शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल में लाकर शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुख व्यक्तियों के सहयोग पर चर्चा की गई। उन्होंने स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा को लेकर मायद नूनी कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कर स्कूलों के संचालन के संबंध में चर्चा हुई। सदस्य सोयम भीमा ने से गगनपल्ली क्षेत्र के स्कूलों की मरम्मत की बात कही। कुंजाम ने हॉस्टल, आश्रम को शिफ्ट करने के बारे में चर्चा की। विभाग के साथ जनप्रतिनिधि समन्वय स्थापित करते हुए छात्रहित में काम करेंगे।

## महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ पर वीर जवानों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों द्वारा दिखाए गए अद्वितीय साहस और बलिदान को याद करते हुए छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की भावना का संचार करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दो मिनट के मौन से हुई, जिसके माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, रितेश कुमार नाग एवं रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी ने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि और भारतीय सेना के पराक्रम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि कैसे विषम परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए दुश्मनों को परास्त किया और तिरंगे की शान को ऊँचा रखा। अंग्रेजी विभाग के सहायक प्राध्यापक अनिल साहू ने एक भावविभोर कर देने वाला देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित सभी श्रोताओं को भावुक कर दिया और माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कारगिल विजय दिवस के बारे में बताया कि यह दिन सिर्फ विजय की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह युवाओं को देश के प्रति कर्तव्य, समर्पण और बलिदान की भावना से जुड़ने की प्रेरणा देता है। भारतीय सैनिकों के साहस को देश का गर्व बताते हुए कहा कि हमें उनकी गाथाओं से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

## तीसरे सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सावन माह के तीसरे सोमवार को शिवालयों में भक्तों की कतार लगी रही। भक्तों ने मनोकामना पूर्ती के लिए शिवलिंग पर जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित कर अभिषेक किया।

मान्यता है कि शिव अभिषेक से जीवन के संकट दूरे होते है और देवाधिदेव महादेव की कृपा प्राप्त होती है। श्रावण मास का प्रत्येक सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को भी श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा आदि अर्पित कर अभिषेक किया। धार्मिक



मान्यता है कि इस दिन शिव का अभिषेक करने से जीवन के समस्त संकट स्वतः ही दूर हो जाते हैं।

सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में आस्था और भक्ति श्रद्धालुओं में देखी गई। रही। सुबह से ही स्थानीय शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रो के शिवालयों में भक्त अपनी बारी का इंतजार करते हुए देवों के देव महादेव का श्रध्दा भाव से जलाभिषेक किया।

## भूतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया शानदार स्वागत

**जगदलपुर।** तृतीय सावन सोमवार को शहर में निकाली गयी। भूतेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा का भाजपा परिवार ने श्रीराम चौक स्टेट बैंक के समीप स्वागत किया। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय सहित जिला एवं पूर्वी व पश्चिमी मण्डल के पदाधिकारियों व कार्यकतार्ओं ने पालकी यात्रा में सहभागी बन कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद पाया। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे, सभापति खेम सिंह देवांगन, योगेंद्र पांडे, मनोहर दत्त तिवारी, आर्यन सिंह आर्य, नगर मंडल पश्चिम प्रकाश झा, नगर मंडल पूर्वी अविनाश श्रीवास्तव, नगर मंडल पश्चिम महामंत्री द्वेय अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्वेय शशि नाथ पाठक, सुधा मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी ब्रिजेश शर्मा, महिला मोर्चा ममता राणा, लक्ष्मी कश्यप, अलका सेंगर, राजेश श्रीवास्तव, सतीश सेठिया, योगेश मिश्रा, हरिश पारेख, पिंटू साव, बाबुल नाग, दिगंबर राव, सूरज श्रीवास्तव, योगेश मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तीसरे सावन सोमवार को शिवालयों में शिव पूजा के लिए जुटे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दुरुस्त ग्राम जेबेल से छिंदगांव तक कावंड़ियों ने जल लेकर जलाभिषेक के लिए कावड़ यात्रियों पदयात्रा कर शिवमन्दिर पहुंचे। सावन के तीसरे सोमवार को जेबेल में पहली बार ग्राम छिंदगांव तक स्थानीय ग्रामीण शिवभक्त शिव जी को जल चढ़ाया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वाधान में लगातार तीसरे कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिला बच्चों ने स्थानीय जेबेल से बहने



वाली मार्कण्डेय नदी के तट से जल लेकर लगभग 4 किलोमीटर दूर पदयात्रा करते छिंदगांव स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। महिला बच्चे कावड़ियों के द्वारा पूरे पदयात्रा में बोलबम और जय भोले नाथ के जयकारे लगाते चल रहे थे।

शिव की भक्ति में उमड़े कांवड़ियों को यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जेबेल के मार्कण्डेय नदी से ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए यात्रा निकाली गई। कांवड़ियों का जगह जगह पुष्प वर्षा भी की गई।

## शिवसेना कार्यकर्ताओं ने की समाजिक सेवा



**भानुप्रतापपुर।** शिवसेना भानुप्रतापपुर इकाई द्वारा भानुप्रतापपुर में गरीबों की सेवा किया गया एवं वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया। शिव सैनिको ने वृक्षारोपण कर देश एवं पूरे विश्व को एक संदेश दिया कि जिस तरह उद्धव साहब ठाकरे आज पूरे विश्व में हिंदुओं की रक्षा कर रहे हैं, हिंदुत्व की रक्षा कर रहे हैं। इसी तरह पेड़ हमारे पूरे पृथ्वी के पर्यावरण की रक्षा करेंगे। शिव सैनिकों ने उद्धव साहब ठाकरे के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया एवं संकल्प लिया गया कि देश का हर शिव सैनिक समाज सेवा में आगे रहकर शिवसेना के उद्देश्य 80 प्रतिशत समाज सेवा एवं 20 प्रतिशत राजनीति के उद्देश्यों पर चलते हुए देश एवं देश की जनता की सेवा करेगा।

## विश्व आदिवासी दिवस पर मांदरी बजाबे मैं रेला गीत गाहू होगी रिलीज




**दुर्गूकोंदल।** दुर्गूकोंदल अंचल पेड़ावारी के उभरते हुए कलाकार प्रमोद ने अपने द्वारा लिखे और स्वर दिए गीत मांदरी बजाबे मैं रेला गीत गाहू को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 1 अगस्त को रिलीज कर रहें है। कुछ विशेष आदिवासी संस्कृति से परिलक्षित गीत, एल्बम या फिल्म रिलीज की जाती है, जिसमें आदिवासी समुदायों के रीति-रिवाजों, अधिकारों, संस्कृति और योगदानों को दर्शाया गया है। मांदरी बजाबे मैं रेला गीत गाहू जिसमें मुख्य स्वर दुर्गूकोंदल अंचल के उभरते हुए कलाकार प्रमोद जो पेड़ावारी के है। साथ ही मालती निषाद ने मुख्य स्वर दिया है। स्टार कास्ट की भूमिका पर प्रमोद, भूमिका नेताम, प्रियंका भुवाय, कोरियोग्राफिक संदीप चुरगुईय्या है। क्षेत्र के पल्लामाड़ी पहाड़ी ग्राम हाहलद्दी में सूटिंग किया गया है। कैमरामैन की भूमिका पंकज जैन ने निभाई।







